# केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उ0प्र0/प्रभारी मंत्री, जनपद प्रयागराज स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। पीडब्लूडी विभाग द्वारा सड़कों के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा ग्रामीण मार्गों तथा सड़कों के गड्ढ़ा मुक्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी सड़क पर गड्ढ़ा न दिखे। उन्होंने सभी सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। ग्रामीण मार्गों के सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, इसमें लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पीडब्लूडी द्वारा कराये जा रहे कार्यों की लगातार मानीटरिंग करते रहें, जहां कहीं भी कार्यों में लापरवाही पाये जाये, सम्बंधित के विरूद्ध शासन को पत्र प्रेषित करें। बैठक में जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा जहां कहीं पर सड़कों के गड्ढ़ा या खराब होने के बारे में जानकारी दी गयी है, उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द सड़कों को दुरूस्त करायें तथा जहां पर नई सड़क के निर्माण कराये जाने की आवश्यकता है, वहां पर नई सड़कों को बनाये। उन्होंने सड़कों के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यों को तीव्र गति से कराये जाने के लिए कहा है। सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद में बन रहे सेतुओं एवं ओवरब्रिजों के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि कार्य में जो भी रूकावटें हैं उनको शीघ्रता के साथ दूर करते हुए सेतुओं के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करायें। मंत्री ने 10 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए श्रृंगवेरपुर में बनाये जा रहे निषादराज पार्क के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। सम्बंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि श्रृंगवेरपुर में 55 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके लिए उन्होंने निर्धारित समयसीमा के अंदर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। राजकीय पॉलिटेक्निक बारा एवं फाफामऊ व रज्जू भईया यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्यों की भी प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। जनपद में स्मार्ट सिटी के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली। कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों में जन प्रतिनिधिगणों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों को समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जाने के निर्देश स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को दिए है। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा कई क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की शिकायत की गयी, जिसपर मंत्री जी ने जिलाधिकारी को कार्यों की लगातार मानीटरिंग करने तथा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करते रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जहां पर भी कार्य में लापरवाही पाये जाने तो सम्बंधित के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने से सम्बंधित पत्र शासन को प्रेषित करें। बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि उपभोक्ताओं को गलत बिजली का बिल न मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। कहीं से गलत बिल की शिकायत प्राप्त होती है, तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बिजली विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जन प्रतिनिधिगणों द्वारा निर्धारित समय में ट्रांसफार्मर न बदले जाने से सम्बंधित शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर ट्रांसफार्मरों को बदलने में जहां कहीं भी देरी हुई, उसका कारण जानने एवं कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित जेई/एई के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा है। तथा कार्यवाही से उन्हें अवगत भी कराये जाने के निर्देश दिए है।चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए मौसम के दृष्टिगत होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए पूरी तैयारी रखने के लिए कहा है। उन्होंने संचारी रोगों के फैलाव को रोकने के लिए दवाओं का छिड़काव, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए है। पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए कैम्प लगाकर पात्र लोगो को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, चिकित्सालयों में दवाओं की उपलब्धता, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अमृत सरोवर, बेसिक शिक्षा, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, एक जनपद एक उत्पाद योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, बाल विकास एवं पुष्टाहार की भी समीक्षा की तथा उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो, जिससे कि योजनाओं के बारे में लोगो को जानकारी हो सके और पात्र लोग योजनाओं का लाभ उठा सके। बैठक में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने प्रभारी मंत्री जी को संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उसकी प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा मंत्री जी को आश्वस्त करते हुए कहा कि बैठक में जो दिशा-निर्देश दिए गए है, उसका अक्षरशः पालन करते हुए कार्यों में और तेजी लायी जायेगी। इस अवसर पर सांसद इलाहाबाद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी, सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, विधान परिषद सदस्य केपी श्रीवास्तव, श्रीमती निर्मला पासवान, अपर पुलिस आयुक्त पवन कुमार, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संदिग्ध दशा में युवक का पंखे से लटकता मिला शव हड़कंप

**नैनीताल से मऊआइमा में आया था अपने मजदूर साथियों के साथ मजदूरी करने मृतक ललित हरबोला**

**मऊआइमा।** संदिग्ध हालत में मजदूर का कमरे में लगे पंखे से लटकता शव देख मजदूर साथियो में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुची पुलिस ने ई को पंखे से उतरवा कर कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मोहम्मद पुर सराय अली जोगी पुर मंडी फोरलेन स्थित एक अस्पताल के ऊपर किराए पर कमरा लेकर अपने साथियों के साथ निवास कर रहे ललित हरबोला 30 पुत्र हंस दत्त निवासी नाथपुर पतली थाना मोखानी नैनी ताल उतरा खंड का शुक्रवार को रात में संदिग्द हालत में कमरे में लगा पंखे से लकता हुआ शव मिलने से साथ मे निवास करने वाले जोगेन्द्र कुमार,शेर सिंह, सोनू, धर्मेद्र, सलीम आदि मजदूरों में हड़कमप मच गया।ब ताया गया कि उक्त सभी मजदूर क्षेत्र में चल रहे जल निगम की पाइप लाइन बिछाने का काम करते हैं। शुक्रवार को सुबह ललित हरबोला के साथ उक्त सभी लोग काम पर चले आये थे दोपहर में लगभग दो बजे मृतक ललित हरबोला 30 वर्ष काम छोड़ कर कमरे पर चला आया था। लगभग 7 बजे के करीब साथी मजदूर काम से छूट कर कमरे पर पहुंचे तो देखा कि कमरे का दरवाजा खुला है। और कमरे में लगा छत में पंखा से मृतक ललित का शव झूल रहा था।जिसे देख साथी मजदूरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

## पार्टी में जा रही पूर्व प्रधान की पत्नी के साथ हुई चेन स्नैचिंग

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी योजना 3 स्थित एक लोन में आयोजित बर्थडे पार्टी में जा रही पूर्व प्रधान की पत्नी के गले से चेन छीन कर स्कूटी सवार बदमाश फरार हो गए सूचन पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी की पर बदमाशों का कोई सुराग नही लगा। नई झूंसी निवासी पूर्व प्रधान सुरेंद्र त्रिपाठी की पत्नी शेष लक्ष्मी त्रिपाठी अपनी बेटी के साथ शनिवार की रात आवास विकास कालोनी योजना तीन सरयू हॉस्पिटल के पास बर्थडे पार्टी में जा रही थी पोस्ट ऑफिस के निकट वह पहुंची थी तभी जीटी रोड की तरफ से आए स्कूटी सवार युवकों ने शेष लक्ष्मी तिवारी के गले से चेन छीन कॉलोनी की ओर भाग निकले महिला ने शोर मचाया मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी आ गई पूर्व प्रधान ने बताया कि चैन एक लाख की थी। लोगो की माने तो स्कूटी सवार बदमाशो ने पहले भी कई चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवी कैमरे में भी नजर तो आए हैं पर अभी तक पकड़े नहीं गए।

## पुराने जीटी रोड की सड़क 20 फीट होगी चौड़ी

**जद में आएंगे सैकड़ों मकान, लोगों में मची खलबली**

**पीडीए कर्मचारियों ने सैकड़ों मकान मालिकों को थमाई नोटिस, जल्द शुरू होगा चौड़ीकरण दो साल बाद संगम की रेती पर लगने वाले महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए किया जाना है सड़क चौड़ीकरण**

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए झूंसी की पुरानी जीटी रोड 20 फीट चौड़ी होगी। तकरीबन पांच किलोमीटर लंबे सड़क के चौड़ीकरण की जद में सैकड़ों मकान आएंगे। सड़क चौड़ीकरण के लिए शुक्रवार को पीडीए की जोन संख्या पांच के कर्मचारियों ने सड़क चौड़ीकरण संबं?धित नोटिस थमाई। सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले दुकान और मकान मालिकों को नोटिस देने का क्रम शनिवार को भी चलेगा। तकरीबन पांच माह पहले लोकल निर्माण और पीडीए विभाग की ओर से सड़क की नाप भी कराई गई थी। 26 सितंबर तक नोटिस का जवाब लोगों से मांगा गया है। अक्टूबर माह से सड़क चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण और पीडीए विभाग अपनी कार्रवाई शुरू कर देगा। नोटिस मिलने के बाद लोगों में खलबली मची रही। महाकुंभ को लेकर सड़क चौड़ीकरण के लिए बजट पास होने के बाद कार्य में अब तेजी आने लगी है। महाकुंभ से पहले झूंसी पुलिया से कटका तक जाने वाले तकरीबन पांच किलोमीटर लंबी सड़क को भी चौड़ा किया जाना है। यहां की सड़क तकरीबन 20 फीट चौड़ी होनी है। अभी बेहद ही सकरी सड़क होने के कारण नई झूंसी मार्ग पर आए दिन जाम लगता है। माघ मेले के दौरान भी झूंसी की पुरानी जीटी रोड पर भारी जाम लग जाता है। पिछले माघ मेले के दौरान तकरीबन प्रत्येक स्नान पर्व पर यहां भीषण जाम लगा था। माघ मेले की ओर जाने के लिए यही मुख्य मार्ग है। इसी मार्ग से होकर पूर्वांचल के लाखों श्रद्धालु माघ मेला क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। ऐसे में महाकुंभ के दौरान पूर्वांचल और बिहार से आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत न उठानी हो। इसके लिए सड़क को चौड़ा किया जाना है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान झूंसी बाजार के सैकड़ों मकान और दुकान जद में आएंगे। कई मकानों का तो अस्तित्व ही खतरे में है। नई झूंसी गोला बाजार के कई मकान में रहने वाले लोगों पर भारी संकट मंडरा रहा है। इसी बीच शुक्रवार को पीडीए के कर्मचारियों ने नई झूंसी पुलिया से लेकर गोला बाजार तक सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले मकान मालिकों को नोटिस थमाई। सभी से 26 सितंबर तक नोटिस का जवाब मांगा गया है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होने से पहले सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले लोगों को ताकीद भी किया जा रहा है कि वे अपने निर्माण स्वयं तोड़ लें। अन्यथा कार्रवाई के दौरान सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले निर्माण को ध्वस्त कर दिया जाएगा। अक्टूबर माह से सड़क चौड़ीकरण के लिए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। सड़क चौड़ीकरण को लेकर पीडीए की नोटिस मिलने से लोगों में खलबली मची हुई है।

## पुश्तैनी मकान पर अवैध कब्जा करने गए दबंगों ने महिला से की अभद्रता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जमीनी विवाद को लेकर प्रयागराज के अतरसुइया थाना क्षेत्र भागवत बाग निवासी पीड़िता रूपा सोनकर द्वारा विपक्षी प्रीतम नगर निवासी अर्पण पांडेय एवं राहुल सिंह पर घर मे घुसकर तोड़फोड़ करने एवं 15000 नगदी एवं सोने का मंगल सूत्र उठा ले जाने समेत अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए सम्बंधित थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार पीड़िता का आरोप है कि गत 11 सितम्बर 2023 को जब उसके घर के परिजन कही बाहर गए हुए थे तभी प्रीतम नगर निवासी अर्पण पांडेय और राहुल सिंह काफी संख्या में अपने साथियों के साथ आकर उसके घर मे घुसकर घर मे रखे हुए सामानों की तोड़फोड़ कर डाली ।इतना ही नही भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गयी। आरोप है कि उनके पुश्तैनी मकान को कब्जा करने की नीयत से घर मे घुसकर धमकी भी दी गयी साथ ही साथ 15,000 रुपये नगद एवं सोने का मंगल सूत्र भी उठा ले गए। जिसकी तहरीर अतरसुइया थाने में पीड़िता द्वारा दी गयी है। घटना के मामले में कितनी सच्चाई है इसका खुलासा पुलिस की जांच के बाद ही हो पायेगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढ़ा, वि. ख. सिराथू जिला- कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/पन्द्रहवां/पंचम/एसबीएमजी फेज-2/मनरेगाकोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 16.09.2023

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म/ पंजीकृत विकेताओ को एतद्द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढ़ा विकास सिराथू जनपद कौशाम्बी मे वित्तीय वर्ष 2023-24 मे ग्राम पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज -2 के अर्न्तगत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (माडल ग्राम पंचायत) के अर्न्तगत साइकिल ई-रिक्शा डस्टबिन क्रय प्लास्टिक बैक कय आर0आर0सी सेटर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेण्ट बालू सरिया ईट गिट्टी पत्थर गिट्टी टाल्इस इण्टर लकिंग इत्यदि वित्त आयोग एमबी0एम0 फेज 2 ग्रामीण की प्राप्ति धनराशि के अनुसार पन्द्रहवॉ वित्त आयोग पंचम वित्त आयोग/ मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो के अर्न्तगत निर्माण कराने हेतु निर्धारित मानक /गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमत्रित की जाती है इच्छुक फर्म से दिनांक 17.09.2023 से 24.09.2023 के अपराहन तीन बजे तक निविदा आमत्रित की जाती है प्राप्त निविदा दिनांक 25.09. 2023 को कार्यालय के कार्य दिवस अपराहन तीन बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सचिवालय मे निविदा प्रेशित करने वाले ठेकेदारो के समक्ष गठित समिति तथा निर्माण समिति अध्यक्ष ग्राम पंचायत सचिव एंव ग्राम प्रधान की उपास्थिती मे की जायेगी आमत्रित टेण्डर मे दर्शाये गाये कार्यो को धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने वाले कार्य करने के आदेश दिये जायेगे जिसका विवरण निम्नवत है

| क्र0 | कार्य का नाम | नग/प्रकार | सामग्री की अनुमानित लागत प्रति नग (लाख में) | सामग्री की अनुमानित धनराशि (लाख में) | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि | टेण्डर स्वीकृति होने के पश्चात जमानत की धनराशि व प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक नाडेप कम्पोस्टपिट | 8 | 0.18 | 1.44 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 02 माह |
| 2. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट पिट | 4 | 0.57 | 2.28 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 02 माह |
| 3. | सामुदायिक एवं सस्थागत कचरा पात्र | 6 | 0.15 | 0.90 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 01 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं सस्थागत प्लास्टि बैंक | 4 | 0.6 | 0.24 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 01 माह |
| 5. | कचरा वाहन ई-रिक्शा/ साइकिल रिक्शा | 2 | 1.50 | 3.00 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 01 माह |
| 6. | स्वच्छताकिट | 5 | 0.03 | 0.15 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 15 दिन |
| 7. | सामुदायिक एवं सस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्टपिट | 8 | 0.18 | 1.44 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 03 माह |
| 8. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर0आर0सी) | 1 | 10.00 | 10.00 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 03 माह |
| 9. | सामुदायिक एवं सस्थागत सोकपिट | 10 | 0.178 | 1.78 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 01 माह |
| 10. | भूमिगत नाली निर्माण मरम्मत (घर/संस्था) | 300 | 0.28 | 8.40 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 03 माह |
| 11. | फिल्टर चैम्बर तालाबों/ जलाशयों पर निर्माण | 5 | 0.24 | 1.20 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 01 माह |
| 12. | तालाबों का सौन्दर्यीकरण (वेट लैण्ड, केना,केला आदि जल शोधक पौधो का रोपड़) | 1 | 2.0 | 2.0 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 01 माह |
| 13. | हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रो फिटिंग मरम्मत /निर्माण कार्य | 10 | 0.06 | 0.06 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 02 माह |
| 14. | हैण्ड पम्प पर सोकपिट निर्माण कार्य | 10 | 0.11 | 1.10 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 01 माह |
| 15. | गलीय कचरा प्रबंधन हेतु ट्रीचिंग | 8 | 0.06 | 0.48 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 02 माह |
| 16. | सेप्टिक टेंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु व्यक्तिगत लीच पिट | 10 | 0.03 | 0.03 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 02 माह |
| 17. | वेस्ट स्टेबलाइजेशन पोंड | 1 | 6.24 | 6.24 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 02 माह |
| 18. | सेप्टिक टेंको से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु संस्थागत सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | 5 | 0.05 | 0.05 | 500 | 2 प्रतिशत | 3 प्रतिशत | 01 माह |

नियम व अन्य शर्ते-

1.निविदा के अन्य धरोहर धनराशि फिक्स सिक्योरिटी एन0एस0सी अथवा एफ0डी0 राष्ट्रीयकृत बैंक / डाक घर का हो की बात है तथा ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढ़ा वि0ख0 सिराथू जनपद कौशाम्बी के पक्ष मे बन्धक हो मान्य होगा । प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता के टेस्टिंग की रिपोर्ट के भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 2.उपरोक्त निविदा 25.09.2023 तीन बजे अपराहन खोली जायेगी । ग्राम निधि मे उपलब्ध धनराशि व कार्य का मापक न होने के उपरान्त ही कार्य का भुगतान किया जायेगा साम्रगी घट बढ़ सकती है। प्राक्लन के अनुसार भुगतान वास्तविक एम0बी0 अनुसार होगा जेम पोर्टल रजिस्टर्ड फर्म विक्रेताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

श्रीमती रामकली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढ़ा
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी

विपुल कुमार
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढ़ा
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी

## न्यूज झरोखा

### हंडिया पुलिस व एसटीएफ को मिली बड़ी सफलता लाखों रुपये का गांजा बरामद




**हंडिया।** हंडिया पुलिस व एसटीएफ की सयुक्त टीम द्वारा 10 हजार के इनामी वांटेड को नाजायज गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया है। हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सैदाबाद के निमहरा रोड के पास से हंडिया पुलिस व एसटीएफ की सयुक्त टीम द्वारा दो व्यक्तियों को दो मोटरसाइकिल सहित 18 किलो 240 ग्राम नाजायज गांजा सहित गिरफ्तार किया है। हंडिया थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार दुबे ने बताया की मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए व्यक्तियों के नाम जीतेन्द्र भारतीया निवासी ग्राम हकीम पट्टी थाना हंडिया प्रयागराज। दूसरे व्यक्ति का नाम शिवम भारतीया उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम सराय मंसूर थाना हंडिया प्रयागराज। यह दोनो व्यक्ति मोटरसाइकिल से गांजा लाकर क्षेत्र के आस पास के गांव मे सप्लाई करते थे। शिवम उर्फ गुंडे थाना करेली जनपद प्रयागराज से वांटेड है। जिस पर 10 हजार का इनाम घोषित है। बरामद गांजा की कीमत लगभग 5.50 लाँख रुपये व बरामद मोटरसाइकिल की कीमत 2.50 लाँख रुपये है।

### संडवा कला गांव में तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाना के संडवा कला गांव में स्थित तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। किशोर शुक्रवार देर शाम अपने घर से नाराज होकर निकला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटो मशक्कत के बाद किशोर के शव को तालाब के बाहर निकाला। किशोर के मौत के बाद उसके घर में कोहराम मचा हुआ है। संडवा कला गांव में रहने वाला उस्मान 16 पुत्र रहमत अली शुक्रवार को गांव स्थित एक तालाब के पास जाकर बैठा था। बताते हैं कि उसका पैर फिसल गया और वह गहरे तालाब में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद रात साढ़े नौ बजे उस्मान को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला, लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं गांव मे चर्चा है कि उस्मान को घर में किसी बात को लेकर डांट पड़ी थी, जिससे नाराज होकर उसने तालाब में कूदकर उसने जान दे दी।

### चौड़ीकरण के विरोध में सांसद को ज्ञापन दिया



**नैनी।** नैनी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं नैनी व्यापार मंडल के नेतृत्व में नैनी रेलवे स्टेशन मार्ग को चौड़ीकरण के विरोध में प्रयागराज के सांसद रीता बहुगुणा जोशी को ज्ञापन दिया ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद विनय जायसवाल बाबा नैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी प्रदीप गुप्ता कोको दादा मास्टर पिंटू विश्वकर्मा एवं सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे

### सड़क दुर्घटना मे घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाना के पुरापांडेय इलाके में रहने वाले एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुरा पांडेय इलाके में रहने वाले समरजीत निषाद गुरुवार को घर के पास किसी काम से गए हुए थे। उसी दौरान एक अप्पे ने उन्हे टक्कर मार दी। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों व उसे पास स्थित एक अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हे रेफर कर दिया। जिसके बाद समरजीत को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां शुक्रवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## प्रयागराज में उद्योग की असीम संभावनाएं : प्रो. अखिलेश कुमार सिंह

एचआर का पहला राष्ट्रीय कॉन्क्लेव 'संगम 2023' यूजीआई में हुआ आयोजित



**नैनी।** नैनी प्रयागराज द्वारा यूनाइटेड सभागार में शनिवार को आयोजित प्रयागराज के पहले राष्ट्रीय एचआर सम्मेलन 'संगम-2023' के दौरान कहीं। कॉन्क्लेव की थीम 'माइंडफुल एंड एजाइल लीडरशिप-संगठनों में उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम' पर बोलते हुए प्रो सिंह ने लीडर्स के गुणों को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में नेतृत्व के गुण होते हैं जिन्हें तलाशने और निखारने की जरूरत है। यूनाइटेड यूनिवर्सिटी (यूयू) के कुलपति (वीसी) प्रो एएम अग्रवाल ने कहा कि कुछ पाठ्यक्रमों के लिए व्यावहारिक अनुभव जरूरी है। अतः इन्हे फिर से डिजाइन करने की जरूरत है। नौकरियों की बढ़ती मांग पर बोलते हुए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड के महाप्रबंधक (जीएम) हिमांशु कुमार ने कहा कि छात्रों के लिए इंटर्नशिप और प्रशिक्षण की अनौपचारिक प्रणाली समय की मांग है क्योंकि इससे उन्हें अनुभव और आत्मविश्वास मिलेगा। विजनेट सिस्टम इंक के कार्यकारी उपाध्यक्ष (ईवीपी) संदीप अग्रवाल ने चुस्त नेतृत्व की जिम्मेदारियों और सिद्धांतों और जागरूक लीडर्स की विशेषताओं पर विस्तार से बताया। एमफैसिस के इंडिया कैंपस लीड, जोशुआ डेविड ने उद्योग में मानव संसाधन (एचआर) की भूमिका और जिम्मेदारियों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में एचआर की भूमिका चुनौतीपूर्ण है। मिनफी टेक के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) अमित कटारिया ने विभिन्न भाषाओं को सीखने के महत्व पर चर्चा की और यह एचआर को कैसे मदद कर सकता है इसपर विचार साझा किए। अन्य मुख्य वक्ताओं में एचसीएल से आशीष भल्ला, प्रिज्म जॉनसन से संजय रामदास, जेबीएम ग्रुप से राजीव शर्मा, एनटीपीसी से वंदना चर्तुवेर्दी, सीपी मिल्क से दीपक मिश्रा, कांतार एनालिटिक्स एंड प्रोडक्ट से हेमंत कुमार रवि और सूर्या गोल्ड सीमेंट से विवेक द्विवेदी ने भी अपने विचार साझा किया। यूजीआई के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी, वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी और प्राचार्यों ने मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर किया। डीन, कॉपोर्रेट और उद्योग संबंध, यूजीआई डॉ दिव्या बरतारिया ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

## रीवा केवटी प्रपात में मिला अज्ञात युवती का शव, जेब मे मिली एसआरएन की पर्ची

**झूंसी।** मध्य प्रदेश के रीवा केवटी जल प्रपात में दो दिन पहले एक युवती का शव मिला। जिसकी जेब मे स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज की ओपीडी की पर्ची मिली है। एमपी पुलिस युवती की सिंनाख्त के लिए प्रयागराज पहुची। रीवा के लालगांव थाना क्षेत्र में केवटी जल प्रपात में मिले युवती का शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। लालगांव थाना प्रभारी ने बताया की युवती शव हफ्ते भर पुराना लग रहा है। जिसकी उम्र 20 से 25 वर्ष की लग रही है। जेब मे मिली स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज ओपीडी की पर्ची में नाम मिस आंचल लिखा है। प्रयागराज पुलिस से सम्पर्क कर वहाँ भी युवती की पहचान कराई जा रही है।

# श्रद्धा के साथ मनाया गया गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व

## जिलाधिकारी ने सपत्नीक पहुंचकर गुरु महराज का लिया आशीर्वाद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व बड़े प्यार ब श्रद्धा के साथ गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज में मनाया गया, जिसमे सुबह 8 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का समापन हुआ। 8.30 बजे से 9.30 बजे तक ज्ञानी विपिन प्रीत सिंह ने शबद कीर्तन गायन किया। 9.30 बजे से 10.15 बजे तक ज्ञानी रमनदीप सिंह ने शबद कीर्तन गुरु इतिहास सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया।

सरदार मंजीत सिंह गोबिंद ने बताया कि आज ही के दिन 1604 ईसवी को श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश अमृतसर में दरबार साहिब में पांचवे गुरु गुरु अरजन देव ने कराया था, जिसके लिए बाबा बुड्ढा जी को पहला ग्रंथी नियुक्त किया, और प्रकाश करते ही पहला हुकुम नामा आया। इस अवसर पर जिले के जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव सपत्नीक गुरुद्वारा पहुच कर गुरु ग्रंथ साहिब के आगे नतमस्तक हुए और गुरु महराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रबंधक कमेटी की तरफ से अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह ने दोनो को अंग वस्त्र सिरोपा देकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर एलीट क्लब अपने अध्यक्ष के साथ पूरी टीम के साथ पहुंच कर आप ने सिक्ख समाज एवम गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को एक डीप फ्रीजर वाली शव रखने वाले मशीन गुरुद्वारा साहिब को भेट की जिसे जिला अधिकारी ने देखते हुए कहा कि सभी समाज में इसकी जरूरत है, और क्लब को और सामाजिक कार्य करे के लिए प्रोत्साहित किया। गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी ने एलीट क्लब के अध्यक्ष सोमिल केसरवानी सहित सभी को अंगवस्त्र सिरोपा देकर सम्मानित किया। अंत में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी संगतो एवम आगंतुकों को बधाई दी। इस मौके पर सरदार मंजीत सिंह गोबिंद, करम जीत सिंह, सुरजीत सिंह, अमोलक सिंह सन्नी, जगमीत सिंह, बलप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, परमप्रीत सिंह, जगजीत सिंह, रविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह आदि रहे।



गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर मौजूद जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव व अन्य।

### निकाली गयी भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभा यात्रा, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भगवान विश्वकर्मा की जयतीं को लेकर क्षेत्र के चांदीपुर गांव से शनिवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। आकर्षक रथ पर भगवान विश्वकर्मा की शोभा यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। नीलम असहाय सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिकेश विश्वकर्मा के संयोजन में शोभा यात्रा क्षेत्र के ककरहिया चैराहा, कला भदारी, सलेम भदारी, संगम चैराहा होते हुए लालगंज इन्दिरा चैक पहुंची। यहां से शोभा यात्रा वर्मा नगर तक भगवान विश्वकर्मा के जयघोष के बीच निकाली गयी। भक्तों ने गाजेबाजे के साथ भगवान विश्वकर्मा का जयघोष करते रथ पर पुष्पवर्षा भी की। इसके बाद संस्थान के कार्यालय पर भगवान की आरती वंदना के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस मौके पर पूर्व जिपंस श्रीकृष्ण विश्वकर्मा, शिव बहादुर विश्वकर्मा, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, सानू विश्वकर्मा, हरिकिशुन दीवाना, राधेश्याम, कृपाशंकर विश्वकर्मा आदि रहे।

# एमडीपीजी कालेज में हुआ स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

### उच्च शिक्षा निदेशक ने किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में शनिवार को उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर ब्रह्मदेव ने स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास वर्तमान की आवश्यकता है। विद्यार्थियों में तकनीकी एवं रोजगारपरक ज्ञान के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं चलाई जाएं, इससे विद्यार्थियों को बदलते परिवेश में विविध आधुनिक संसाधनों के उपयोग के साथ ही वैश्विक ज्ञान से सामंजस्य बनाने में सुविधा होगी।

उन्होंने कहा कि आधुनिक संचार के इस युग में भी कक्षीय संवाद अपरिहार्य है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा की उपलब्ध सीमित संसाधनों में महाविद्यालय को आधुनिक व सुसज्जित कर तकनीकी ज्ञान प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। इसी कड़ी में स्मार्ट कक्षा का शुभारंभ उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा आज किया गया। प्राचार्य ने अंगवस्त्रम एवं मोमेंटम देकर उच्च निदेशक को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र, मंत्री आनंद पांडे, प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो ऊषा तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष सिंह, प्रो अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रो रमेश चंद्र शुक्ला, डॉ अरुण कुमार मिश्र, डॉ सी एन पांडे, डॉ डी के पांडे, डॉ मृदुल उपाध्याय सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



उच्च शिक्षा निदेशक को मोमेंटम देकर सम्मानित करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

### टाइनी शाखा संचालक से लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के हारी का पुरवा चैराहे पर मंगलवार की सुबह टाइनी शाखा संचालक विवेक रंजन त्रिपाठी से लूट की घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार युवकों में एक मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद लतीफ निवासी ग्राम शेखपुर बनी थाना जेठवारा को बीती रात पुलिस ने धर दबोचा। उसके पास से 52 हजार रुपये नकद, एक अपाचे मोटरसाइकिल (यूपी-72-ए-एफ-1243) एक एंड्राइड मोबाइल फोन, 315 बोर एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया।

### *हत्या के पांच दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली*

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसर थाना क्षेत्र के आकारीपुर गांव में बीते रविवार रात रिटायर रोडवेज कर्मी की हत्या कर दी गई हत्या के पांच दिन बाद भी हत्यारे पुलिस की पकड़ से बाहर है। गौरतलब हो कि रविवार रात लगभग 9.30 बजे अकारीपुर निवासी रिटायर रोडवेज कर्मी श्याम शंकर तिवारी (64) घर से 200 मीटर दूर मंदिर पर 8 माह से रह रहे थे उनके साथ तीन अन्य लोग भी रहते थे श्याम शंकर दास 9:30 बजे मंदिर से खाना खाने घर आ रहे थे तभी तीन बाइक सवार युवक पहुंचे दो बाइक से उतर कर उनके सर चेहरे और सीने पर गोली मार दें आवाज सुनकर घर से छोटा बेटा सत्यम दौड़ा तो हमलावरों ने उसे पर भी फायर करने का प्रयास किया लेकिन गोली मिस हो गई हमलावर दयालगंज बाजार की ओर भाग निकली घटना के समय मां के साथ छत पर मौजूद बड़े बेटे शुभम कुमार तिवारी उर्फ लाला ने एक आरोपित को पहचान लिया था। मृतक के बड़े बेटे शुभम ने आसपुर देवसरा थाने में एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। हत्या के पांच दिन बीत जाने के बाद भी आसपुर देवसरा पुलिस नामजद आरोपित को पकड़ने में नाकामयाब रही है।

# दलाबाबा मार्केट में एलआईसी की बीमा सेवा केन्द्र की हुई स्थापना, क्षेत्रीय लोगों ने जताया हर्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रतापगढ़ की युनिट 31102 के बीमा सेवा केन्द्र की स्थापना युनिट के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य के नेतृत्व में सण्डवा चन्दिका विकास खंड के दलाबाबा मार्केट में समारोहपूर्वक हुई।

बीमा सेवा केन्द्र के उद्घाटन का फीता काटते हुए मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व बाल न्यायाधीश एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि इस सेवा केन्द्र की स्थापना से क्षेत्रीय लोगों को बीमा संबंधी सेवाएं शीघ्रता से मिलेंगी। इससे बीमा व्यवसाय भी बढ़ेगा और पालिसी के परिपक्व होने पर भुगतान भी बिना देरी के होगा। यूनिट के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि क्षेत्रीय अभिकर्ता रवि प्रकाश सरोज ईमानदार और तेज तर्रार हैं। लोगों के जीवन और परिवार को आर्थिक सुरक्षा देने का कार्य प्रमुखता से करेंगे। मैं उनका सहयोग करता रहूंगा ताकि सारे कार्य ठीक से हैं। उद्घाटन समारोह के अध्यक्ष अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि वर्तमान युग आपाधापी का है। दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं। परिवार के मुखिया के न रहने पर परिवार बेसहारा हो जाता है। परिजनों की सुरक्षा का एकमात्र उपाय जीवन बीमा है। अतः बीमा निगम के माध्यम से बचत करें। इस अवसर पर राम चन्द्र सरोज, भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री सुशीला सरोज, ग्राम प्रधान रमेश शुक्ल, सुरेन्द्र सरोज, सतीश सरोज, पंकज सरोज तथा अनीता सरोज सहित मार्केट के व्यापारीगण व ग्रामवासी उपस्थित थे। आभार विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने प्रकट किया। स्वागत रवि प्रकाश सरोज ने किया।



बीमा सेवा केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि दयाराम मौर्य।

# लांयस क्लब गौरव ने आयोजित किया तीज महोत्सव

### मेंहदी रचना प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की प्रतापगढ़ शाखा लायंस क्लब गौरव की महिला सदस्यों द्वारा हरतालिका तीज पर्व के उपलक्ष्य में तीजोत्सव का कार्यक्रम खुशनुमा माहौल में राम बालिका विद्यालय चिलबिला के परिसर में आयोजित किया गया। जिसका थीम रॉयल गुजराती लुक रहा।

इस अवसर पर संस्था की फर्स्ट लेडी लायन डाली केसरवानी ने कहा हरतालिका तीज का निराजल व्रत भगवान शंकर व माता पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष में मनाया जाता है। इस व्रत को रखने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम की संयोजक श्रद्धा केसरवानी एवं मालिनी केसरवानी ने कहा कि यह पर्व महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए व कुंवारी लड़कियां इच्छित वर की प्राप्ति के लिए इस व्रत को रखती हैं। कार्यक्रम की शुरूआत नेहा मिश्रा, निक्की पांडे, तृप्ति, सौम्या द्वारा भगवान गणेश, भगवान शंकर व माता पार्वती जी के भजन एवं विद्यार्थियों के कजरी गायन व मंगलगान से हुआ। इस अवसर पर आकर्षक गुजराती अन्दाज की मेंहदी रचना प्रतियोगिता में आद्दका यादव प्रथम, स्वाती सरोज द्वितीय और नेहा यादव तृतीय स्थान पर विजेता चुनी गईं। अन्य सभी प्रतिभागियों में मनीषा उमरवैश्य, वर्षा, श्रेया सरोज, तनु देवी, सृष्टि, जोया अख्तर, चेतना, स्वाति सरोज, मुस्कान बानो, नेहा यादव, समरिया, सकीना, लक्ष्मी, शाइस्ता, कुमुद, खुशी सोनी, आयुषी, भारती, प्रिंसी यादव, सोनम, शगुन, आयशा, सोफिया, अंशिका यादव, रोशनी पाल, अल्फिया, अल सबा, श्रुति गुप्ता, शीतल गुप्ता ने भी सहभाग किया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार संस्था निदेशक आनंद केसरवानी द्वारा घोषित किया गया। निर्णायक मंडल के रूप में शिशिर खरे, संजीव आहूजा, आनंद केसरवानी रहे। इस अवसर पर रॉयल राजपूताना लुक में रीना केसरवानी, पूनम आहूजा, सुमन खरे, तनु मिश्रा, मालिनी केसरवानी, प्रेम खंडेलवाल, सुनीता गुप्ता, कविता केसरवानी, पारुल केसरवानी, मिन्नी राजपाल, डाली केसरवानी, रेनू केसरवानी, श्रद्धा केसरवानी इत्यादि ने माडल के रूप में चार चांद लगाया। शाइस्ता बेगम, स्वाति खंडेलवाल, नेहा मौर्य, निक्की पांडे ने विशेष सहयोग किया।



मेंहदी रचना प्रतियोगिता में शामिल महिलाएं।

## टीबी से जूझ रहे मरीजों को बच्चा बैंक ने लिया गोद, बेहतर इलाज का वादा, दो किशोरी समेत छह महिलाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले में क्षय रोग से पीड़ित मरीजों को गोद लेने उनके बेहतर इलाज और सुनहरे भविष्य को संवारने की स्वास्थ विभाग की मुहिम शामिल हो बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने मरीजों की सेहत सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाया है। ग्रुप ने ऐसे छः मरीजों को गोद लिया है। इनमें दो किशोरी सहित सभी महिलाएं हैं। जिला मुख्यालय स्थित टीबी केंद्र से सूची मिलने के बाद ग्रुप के साथी मरीजों के स्वास्थ के प्रति सक्रिय हो गए।

बता दें कि गत वर्ष भी बच्चा बैंक ने टीबी के दस मरीजों को गोद लिया था। इस वर्ष भी छह मरीज लिए हैं। सभी मरीज शहर उसके इर्द गिर्द के रहने वाले हैं। ग्रुप के सहयोगी विनोद लखमानी और दिग्विजय सिंह का कहना है कि गोद लिए गए सभी रोगियों का अच्छा इलाज हो समय पर दवा और जांच की सुविधा मिलती रहे इसके लिए बच्चा बैंक प्रयास करेगा। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन और जरुरतमंद छात्रों की शिक्षा और उनके इलाज में मददगार की भूमिका निभाने वाले डाक्टर मनोज खत्री का कहना है कि गोद लिए गए मरीजों को दवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसी के साथ जो अत्यंत गरीब हैं।उनकी और भी जरूरत की चीजों का ध्यान रखा जाएगा।

### आरोपी के पास से चोरी हुई चेन, अंगूठी व नकदी बरामद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने चोरी के मुकदमें में वांछित आरोपी को बारह हजार रुपए नकद व एक चेन तथा एक अंगूठी बरामद करते हुए हिरासत मे लिए जाने में सफलता ली है। सांगीपुर में तैनात उप निरीक्षक अश्विनी कुमार पटेल शुक्रवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। वीरशाहपुर तिराहे से चोरी का वांछित ओरीपुर नौगीर निवासी मनोज कुमार यादव पुत्र स्व. राजबहादुर यादव पुलिस के हत्थे लग गया। पुलिस ने तलाशी ली तो आरोपी के पास से बारह हजार रुपए नकद तथा एक चेन व अंगूठी बरामद हुआ। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को न्यायालय भेज दिया।

# नौ आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने नौ आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट, बलवा व हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में शनिवार को केस दर्ज किया है। लालगंज के पड़किया निवासी अर्जुन सरोज की पत्नी पूनम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे गांव के सजनलाल, बाबूलाल, छोटेलाल पुत्रगण बद्री सरोज, रवि व ननकऊ पुत्रगण सजनलाल तथा अनीस व नन्चू पुत्रगण बाबूलाल एवं सजनलाल की पत्नी सुनीता तथा छोटेलाल की पत्नी नाम अज्ञात ने एकराय होकर लाठी डण्डा, सब्बल आदि से लैस होकर उसके दरवाजे उसके दरवाजे पर धारदार हथियार से लैस होकर धावा बोल दिया। आरोपियों ने पीड़िता को गाली देते हुए घर मे घुसकर मारपीट शुरू कर दी। आरोपियो ने पीड़िता के पति अर्जुन को धारदार हथियार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे अर्जुन बेहोश हो गया। वहीं आरोपियों ने बीच बचाव कर रहे परिवार के सदस्यों को भी मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी गृहस्थी के सामानों में तोडफोड करने लगे। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते हुए चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सजनलाल समेत नौ आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज लिया है।

## वृद्ध पर जानलेवा हमला, रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** फूल तोड़कर घर वापस आ रहे वृद्ध पर आरोपियों ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से चुटहिल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे छत्तू भइयापुर निवासी श्रीराम पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शनिवार की सुबह वह फूल तोडकर घर वापस आ रहा था। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दो आरोपियों ने लाठी डंडे से उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। गांव के लोग दौड़े तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जानलेवा धमकी देते चले गये। हमले में वृद्ध बेहोश हो गया। परिजन पहुंचे तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस चुटहिल को ट्रामा सेण्टर ले आयी। यहां चिकित्सकों ने उसे प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएः डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पट्टी में जिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 168 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 168 शिकायतों में से 65 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 42, विकास विभाग से 28, समाज कल्याण से 06, शिक्षा से 04, स्वास्थ्य से 02 एवं 21 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने भी जनसामान्य की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



समाधाान दिवस पर शिकायतें सुनते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव

# खेल से सहयोग एवं सामाजिक सौहार्द का होता है विकास

## उद्घाटन मैच में स्टेडियम प्रतापगढ़ की टीम ने कौशांबी की टीम को चार-तीन से हराया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** खेल स्टेडियम में आज स्वर्गीय निशांत कुमार शुक्ल स्मारक फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन मैच में प्रतापगढ़ स्टेडियम एमकेबी की टीम ने पवन स्पोटिंग क्लब कौशांबी को संघर्षपूर्ण मैच में चार-तीन से हराया। पहले हाफ में तीन-एक से पिछड़ने के बावजूद प्रतापगढ़ स्टेडियम की टीम ने सेकंड हाफ में लगातार तीन गोल करके मैच को अपने पाले में कर लिया और अंत तक बढ़त बनाए रखा। प्रतापगढ़ टीम के कप्तान आस्तिक प्रताप सिंह ने दो, कादिर एवं अनवर ने एक-एक गोल किए तथा कौशांबी टीम के कप्तान विवेक ने दो गोल किए।

दूसरे क्वार्टर मैच में बटहा स्पोर्टिंग क्लब ने प्रतापगढ़ स्टेडियम बी को चार-शून्य से पराजित किया। बटहा टीम के जाहिद एवं फरहन ने दो-दो गोल किए। तीसरा क्वार्टर मैच मऊआइमा एवं हुकुम स्पोर्टिंग क्लब भुलियापुर के बीच खेला गया जिसमें मऊआइमा की टीम चार-शून्य से विजयी रही। मऊआइमा टीम के हमजा ने दो गोल तथा मूसा एवं आउफ ने एक-एक गोल किए। चैथा क्वार्टर मैच झूंसी स्पोर्टिंग क्लब प्रयागराज एवं व्हाइट हाउस क्लब भुलियापुर के बीच समाचार लिखे जाने तक खेला जाता रहा। टूनार्मेंट का उद्घाटन समाजसेवी अनिल कुमार शुक्ल एवं प्रशांत देव शुक्ल ने किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशांत देव ने कहा कि खिलाड़ी हार-जीत के साथ ही खेल को खेल भावना के साथ खेलें क्योंकि खेल से सहयोग एवं सामाजिक सौहार्द बढ़ता है। खेल से ही मानवीय, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्य संजीदा होते हैं जो कि एक सभ्य समाज के लिए नितांत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा की खेल के माध्यम से ही हम सभी स्वर्गीय प्रशांत के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। कार्यक्रम की आयोजक निशांत शुक्ल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एमडीपीजी के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे, हरीश सिंह, विश्वास सिंह, शोएब अहमद, प्राची पांडे, हिमांशु शुक्ला आदि उपस्थित रहे। पप्पू (रमेश जानी), अखिलेश प्रताप सिंह, रोमी, विकास कुमार एवं सौरभ ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते आयोजकगण।

## संपादक की कलम से

### लोकतंत्र में घटती आस्था चिंताजनक

लोकतंत्र को अब तक की सबसे अच्छी शासन प्रणाली माना गया है। ज्यादातर देश इसे पाने या बनाये रखने की रात-दिन कोशिशें कर रहे हैं लेकिन विश्वप्रसिद्ध ओपन सोसायटी फाउंडेशन (ओएसएफ) की हालिया वह सर्वे रिपोर्ट चिंताजनक है जिसमें दुनिया के 42 प्रतिशत युवा अपने देशों में लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं बल्कि सैन्य शासन चाहते हैं। यह बदलती पसंद सारी दुनिया के लिये एक खतरनाक वैचारिक ट्रेंड हो सकता है। इस लिहाज से सर्वे रिपोर्ट यह संदेश भी देती है कि जिन लोगों पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को चलाने की जिम्मेदारी है, उन्हें ईमानदारी और समर्पण भाव से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने की आवश्यकता है- फिर वे चाहें सरकारें हों, संवैधानिक संस्थाएं हों, विपक्षी दल अथवा नागरिक हों। लोकतंत्र अगर लोगों की पहली वरीयता नहीं रह जाता तो निसंकोच यह माना जा सकता है कि दुनिया एक खतरनाक मोड़ पर जा खड़ी हुई है।

यह फाऊंडेशन प्रसिद्ध अमेरिकी सांसद जॉर्ज सोरोस द्वारा स्थापित किया गया है जिसके लिये उन्होंने अपना 320 करोड़ अमेरिकी डॉलर देकर इसका काम दुनिया भर में फैलाया है। यह संस्था गैर बराबरी समाप्त करने की दिशा में काम करती है। सोरोस पिछले दिनों भारत में उस समय चर्चा में आये थे जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्र कारोबारी गौतम अदानी की कारगुजारियों पर सवाल उठाते हुए एक तरह से संकेत दिये थे कि भारत में निवेश सुरक्षित नहीं है। बहरहाल, जिस ओएसएफ सर्वे की यहां बात है वह 30 देशों में किया गया जिसके अनुसार 18 से 35 वर्ष के युवा अपने देशों में लोकतंत्र नहीं बल्कि सैन्य शासन चाहते हैं। साथ ही, 35 साल से अधिक उम्र के लोग सोचते हैं कि गरीबी, असमानता, जलवायु परिवर्तन आदि विषयों से निपटने में लोकतांत्रिक सरकारें सक्षम नहीं हैं। सबसे गम्भीर तथ्य जो उभरकर आया है वह कि केवल 30 फीसदी लोगों का ही अपनी सरकारों में भरोसा है। सरकारों में अविश्वास उन्हें लोकतांत्रिक पद्धति में भी अनास्था की ओर ढकेल रहा होगा। ओएसएफ के अध्यक्ष मार्क मैलक ब्राउन की यह चिंता वाजिब है जिसमें वे कहते हैं कि 'हालात चिंताजनक हैं'। पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों की आस्था लोकतंत्र में घटती जा रही है।

युवाओं को लगता है कि लोकतंत्र उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम नहीं है।' यह सोचना होगा कि इन देशों के नागरिकों, खासकर युवाओं के दृष्टिकोण में ऐसा परिवर्तन किसलिये आया है।

बमुश्किल कुछ ही दशकों पहले से लोकतंत्र सारी दुनिया की सबसे पसंदीदा शासन प्रणाली बनी है। जहां इस व्यवस्था को पहले-पहल लागू किया गया, उन्होंने मानवीय विकास की सुनहरी इबारतें लिखीं। इन्हें परिपक्व लोकतांत्रिक देशों के रूप में देखा जाता है। इनमें अमेरिका, कनाडा, न्यूजीलैंड, तमाम यूरोपीय देश हैं। कुछ एशियाई, लातिन अमेरिकी, यहां तक कि अफ्रीकन देश भी हैं जिनमें यह प्रणाली बहुत मजबूत तो नहीं है लेकिन उन्होंने इसे बनाये रखा है तथा उसे बनाये रखना वहां के नागरिक अपने हित में समझते हैं। उनकी लोकतंत्र में आस्था बनी हुई है। इनमें बहुत से ऐसे मुल्क भी हैं जहां निर्वाचित सरकार को सैन्य तानाशाह पलटकर सत्ता पर काबिज हो लेते हैं। उन देशों में लोकतांत्रिक सरकारें कभी आती हैं तो कभी सैनिक शासन द्वारा बर्खास्त कर दी जाती हैं। भारत के कई पड़ोसी मुल्कों में ऐसा हुआ है। बांग्लादेश में ऐसा हुआ, पाकिस्तान ने भी इसका अनुभव किया और अभी म्यांमार में चुनी हुई सरकार को कूड़ेदान में डालकर सैनिक जुंटा सत्ता पर काबिज है। ऐसे भी देश हैं जहां एक दलीय शासन प्रणाली है- रूस, चीन, उत्तरी कोरिया आदि।

# नये भारत के निमार्ता हैं कर्मयोद्धा नरेन्द्र मोदी

– ललित गर्ग–

एक महा- कर्मयोद्धा के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, सामरिक और आर्थिक सशक्तता की छाप छोड़ते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने को तत्पर है, यह इतिहास के निर्माण का भाव है। निश्चित ही उनकी दृष्टि एवं दिशा भारत के नवशिल्प का आधार है। उन्होंने अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम वर्ष 2014 में शुरू की। वे राजनीति में शुचिता के प्रतीक, अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक, कुशल राजनेता, प्रभावी प्रशासक, विलक्षण व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके 73वें जन्म दिवस पर सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, जिनमें नये भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के अमृतमय स्वर गूंज रहे हैं। हमने हाल ही में उनके नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में हुई जी-20 के समिट में विश्व मंच पर भारत की अमिट छाप छोड़ी है। उनका करिश्माई व्यक्तित्व एवं कृतित्व ही है कि नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र पर आम सहमति बनी। वैश्विक विश्वास की कमी को पाटने तथा दुनिया में भरोसा विकसित करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उनके जीवन का प्रत्येक पल नये आयाम एवं नयी दिशाएं उद्घाटित करता रहा है, हमने मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मन्दिर के शिलान्यास का दृश्य देखा तो भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनने की ओर अग्रसर होते हुए देख रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के 9 वर्ष पूरे हो गए। इस दौरान उनके अनेकों यशस्वी कीर्तिमानों एवं उपलब्धियों में जो दो विशेष उपलब्धियां भारत के हर नागरिक के मन को अधिक छूती हैं, उनमें पहली है दुनिया में “भारत का इकबाल” स्थापित होना। दूसरी-देश के भीतर “भारत भी कर सकता है” भावना का संचार होना। अर्थात “सब चलता है” वाला दृष्टिकोण अब भूतकाल के गर्त में है। नरेन्द्र मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां एवं उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को



खोजते रहते हैं, वहां मोदी जैसे महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर उसे महा- बनाते हैं। उम्र के जिस मोड़ पर व्यक्ति पूर्ण विश्राम की बात सोचता है, उस स्थिति में मोदी जैसे राष्ट्रनायक नव-निर्माण, नव-सृजन करने एवं दूसरों को प्रेरणा देने में अहर्निश लगे हैं। विरोध को समभाव से सहकर वे जिस प्रकार उसे विनोद के रूप में बदलते रहते हैं। निश्चित ही एक प्रेरक पृष्ठ है नरेन्द्र मोदी। नरेन्द्र मोदी के प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हमने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए कभी हम मोदी के मुख से स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्हें देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी “मेक इन इंडिया” का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों सपनों को आकार देकर सचमुच मोदीजी लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दे रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी एक कर्मयोद्धा है, विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं उनके नेतृत्व में सरकार और सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक/एयर स्ट्राइक कर जबरदस्त पराक्रम का प्रदर्शन कर दिखाया है कि भारत की रक्षा शक्ति दुनिया के किसी विकसित देश से कम नहीं है। भारत पारंपरिक लड़ाई के साथ-साथ माडर्न लड़ाई में दुनिया की पेशेवर सेनाओं में से एक है। भारतीय जवानों द्वारा पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर देना भारत की बड़ी शक्ति एवं सामर्थ्य का परिचायक है। मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में सबसे बड़ा एवं साहसिक ऐतिहासिक फैसला जम्मू-कश्मीर को लेकर लिया जो जनसंघ के जमाने से उसकी प्राथमिकता रहा है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाने का कदम उठाने के साथ-साथ राज्य को दो हिस्सों में बांटने का काम भी इसी कार्यकाल में हुआ। मोदी सरकार के फैसले के बाद कश्मीर में एक देश, एक विधान और एक निशान लागू हो गया है। मोदी की विकास की योजनाएं, नीतियां, सिद्धान्त और संकल्प सही परिणामों के साथ सही लोगों तक पहुंच रहे हैं।

श्री मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के एक छोटे से शहर में हुआ था। वे “अति पिछड़ा वर्ग” परिवार से आते हैं, जो समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों में से है। वह बेहद गरीब, लेकिन प्यार देने वाले परिवार में पले बड़े। जीवन की शुरूआती कठिनाइयों ने न केवल उन्हें कड़ी मेहनत के मूल्य को सिखाया बल्कि उन्हें आम लोगों के कष्टों से भी अवगत कराया। आम जन की गरीबी ने उन्हें बहुत कम उम्र में ही लोगों और राष्ट्र की सेवा में डूबने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ काम किया, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक राष्ट्रवादी संगठन है और बाद में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन में काम करने के लिए खुद को राजनीति में समर्पित किया।

नरेंद्र मोदी विश्व के चर्चित एवं शिखर नेता होकर भी जन-जन के एवं जमीनी नेता हैं और वे आमजन के बीच जाने, उनकी समस्याओं को हल करने और उनके जीवन स्तर में सुधार करने के लिए समर्पित हैं। लोगों के बीच रहने, उनके साथ खुशियाँ साझा करने और उनके दुखों को दूर करने से ज्यादा कुछ भी उनके लिए संतोषजनक नहीं है। जमीनी स्तर पर तो उनका लोगों के साथ एक मजबूत व्यक्तिगत जुड़ाव तो है ही साथ ही साथ सोशल मीडिया पर भी उनकी मजबूत उपस्थिति है। राजनीति से परे नरेंद्र मोदी को लिखना पसंद है। उन्होंने कई कविता और कई किताबें लिखी हैं। उनके विचारों में राष्ट्रवादी, सामाजिक एवं व्यक्तिगत उन्नयन के क्रांति-बीज मिलते हैं। मन की बात कार्यक्रम में वे राष्ट्र उन्नयन, सामाजिक-क्रांति, आडम्बरप्रधान विकृत प्रवृत्तियों को बदलने एवं समाज-राष्ट्र-निर्माण में उल्लेखनीय कार्य करने के उपाय निर्दिष्ट करते हैं। वे अपने दिन की शुरूआत योग से करते हैं। योग उसके शरीर और दिमाग को मजबूत बनाता है और तेज गति चलने वाली दिनचर्या में शांति का भाव पैदा करता है। वे प्रकृति प्रेमी हैं।

नरेन्द्र मोदी विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित है, उन्हें अनेक देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान प्रदत्त किये हैं। सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान “किंग अब्दुलअजीज सैश” से तो रूस के शीर्ष सम्मान “द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टले सम्मान”, फिलिस्तीन के “ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन” सम्मान, अफगानिस्तान के “अमीर अमानुल्ला खान अवॉर्ड”, यूएई के “जायेद मेडल” और मालदीव के “निशान इज्जुद्दीन” सम्मान से सम्मानित किया गया है। 2018 में प्रधानमंत्री मोदी को शांति और विकास में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित सियोल शांति पुरस्कार भी दिया गया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया के तमाम देशों के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं और देश का सिर सम्मान से ऊंचा उठा और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। मोदी-दर्शन कहता है-जो आदमी अभय से जुड़ता है वह अकेले में जीने का साहस करता है। जो अहिंसा को जीता है वह विश्व के साथ मैत्री स्थापित करता है। जो अनेकांत की भाषा में सोचता है वह वैचारिक विरोधों को विराम देता है। उनका आत्मविश्वास उन्हें नित-नवीन रोशनी देता है। यही पुरुषार्थ और निष्ठा उनको सीख और समझ देती है कि सिर्फ कुर्सी पर बैठने वालों का कर्तृत्व ही कामयाबी पर नहीं पहुंचता, सामान्य कागजों पर उतरने वाले आलेख भी इतिहास की विरासत बनते देखे गये हैं। समय से पहले समय के साथ जीने की तैयारी का दूसरा नाम है मोदी।

# क्या है इंडिया गठबंधन साझेदारों के बीच सीट बंटवारे का सबसे अच्छा तरीका?

– नित्य चक्रवर्ती

कुल मिलाकर, लगभग 140 से 150 सीटों पर सीट बंटवारे की प्रक्रिया काफी समय लेने वाली होगी, लेकिन धैर्य और दृढ़ संकल्प से एक साथ लड़ने के लिए, इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करना होगा। केंद्रीय नेताओं को मुख्यालय में एक तंत्र बनाना होगा। यदि राज्य स्तर पर बातचीत रुक जाती है, तो केंद्र के पास इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करने की शक्तियां होंगी। सीट बंटवारे की प्रक्रिया में यह एक बड़ा सूत्रधार होगा।

28 विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की पहली समन्वय समिति ने आखिरकार साल के अंत में होने वाले दोनों राज्यों के विधानसभा चुनावों और 2024 की शुरूआत में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। प्रवक्ता केसी वेणुगोपाल ने बाद में यह स्पष्ट किया 13 सितंबर को समन्वय समिति की बैठक में कहा गया कि राज्य स्तरीय चर्चा को 30अक्टूबर तक पूरा करने का भरसक प्रयास किया जायेगा। प्रक्रिया इतनी जटिल है कि अगर 30अक्टूबर तक सीट बंटवारे की बातचीत पूरी नहीं भी हो तो भी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए पर्याप्त समय है।

भाजपा खेमे से जुड़े कई टिप्पणीकार विपक्षी दलों की एकता और 543 लोकसभा सीटों में से प्रत्येक पर भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ गठबंधन से संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने के उनके दृढ़ संकल्प की सफलता पर संदेह करते हैं। उनका तर्क है कि ये अलग-अलग दल अपने परस्पर विरोधी राजनीतिक हितों के कारण कभी भी सीटों के बंटवारे पर सहमत नहीं हो पायेंगे।

हां, मतभेद हैं क्योंकि राजनीतिक दलों के अलग-अलग दृष्टिकोण हैं, लेकिन वे एकजुट हैं तथा भाजपा के खिलाफ वन ऑन वन सीट शेयरिंग फॉमूर्ले पर राजी हैं। एक बार जब यह भावना आ गई, तो सीट बंटवारे पर बातचीत निश्चित रूप से आसान हो जायेगी। 543 लोकसभा सीटों पर गौर करने पर पता चलता है कि लगभग 400 लोकसभा सीटों पर, भारत के साझेदार पहले से ही एक ब्लॉक के रूप में काम कर रहे हैं और केवल अन्य 143सीटों पर दावों पर मतभेदों को कम करने के लिए व्यापक बातचीत की आवश्यकता होगी।गठबंधन की बातचीत की बड़ी समस्या गुजरात, पंजाब, दिल्ली, असम और देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को लेकर होगी। इन सभी राज्यों में कुल मिलाकर 140 सीटें हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में 6 सीटें हैं जिन पर भारत के तीन शक्तिशाली सहयोगियों कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच बातचीत होनी है। दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर ज्यादातर सीटों पर भाजपा को हराने की क्षमता रखती हैं। आप भले ही इन दोनों राज्यों में खुद को कांग्रेस के मुकाबले बड़ी राजनीतिक पार्टी समझ रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फायदा मिलेगा और आप को इस बारे में सोचना होगा।गुजरात में कांग्रेस के पास शून्य और भाजपा के पास सभी 26 सीटें हैं। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद सत्तारूढ़ भाजपा के मुकाबले कांग्रेस अपने समर्थन आधार में उल्लेखनीय सुधार कर पाई है, जबकि आपने गुजरात के कई शहरों में अपना आधार बढ़ाया है। भाजपा के खिलाफ कांग्रेस और आप का गठबंधन भाजपा की झोली में सीटों की कमी सुनिश्चित कर सकता है।80सीटों वाला उत्तर प्रदेश भारत के लिए असली समस्या है। समाजवादी पार्टी और आरएलडी दोनों इंडिया गठबंधन के सक्रिय सदस्य हैं और लोकसभा चुनाव में भाजपा से लड़ने के लिए कांग्रेस के साथ पूर्ण गठबंधन करना अच्छी राजनीतिक समझ है। इस महीने की शुरूआत में घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की जीत इस बात की पुष्टि है कि अगर इंडिया गठबंधन के सहयोगी एकजुट हो जायें तो वे उत्तर प्रदेश में भी बड़ी संख्या में सीटों पर भाजपा को हरा सकते हैं।

चार राज्य हैं, तमिलनाडु, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र जहां पहले से ही गठबंधन की पार्टियां मिलकर काम कर रही हैं। पहले तीन सत्तारूढ़ गठबंधन हैं। इन चारों राज्यों में 141 सीटें हैं। मानदंड तय है और इसे केवल बेहतर करने की आवश्यकता होगी।

त्रिपुरा को छोड़कर मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, हिमाचल, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर पूर्वी राज्यों में सीट बंटवारे के संबंध में कांग्रेस निर्णायक पार्टी होगी। कुछ राज्यों में जहां कांग्रेस निर्णायक है, वहां सपा, सीपीआई और सीपीआई (एम) हैं जिनके पास कुछ समर्थन आधार है। कांग्रेस को इस बात पर विचार करना होगा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में और यदि संभव हो तो विधानसभा चुनावों में भी भाजपा के खिलाफ विपक्ष की कुल लामबंदी सुनिश्चित करने के लिए इन इंडिया साझेदारों के समर्थन का उपयोग कैसे करे। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में भी कांग्रेस अपने दम पर भाजपा और क्षेत्रीय पार्टियों से मुकाबला करेगी। इन तीन राज्यों में सीपीआई और सीपीआई (एम) दोनों का प्रभाव है। आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी और ओडिशा में बीजेडीएनडीए या भारत के किसी भी मोर्चे से जुड़े नहीं हैं, लेकिन बीआरएस के नेतृत्व वाला तेलंगाना एक अलग श्रेणी का है। पश्चिम बंगाल और केरल एक अलग श्रेणी के हैं। केरल में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ बनाम सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ का वर्तमान पैटर्न जारी रहेगा क्योंकि केरल की 20 लोकसभा सीटों में से भाजपा के पास कोई सीट नहीं है। जो भी यूडीएफ या एलडीएफ से जीतता है वह इंडिया गठबंधन का है। बंगाल में, सीपीआई (एम) के पास राज्य से कोई लोकसभा सीट नहीं है, जबकि कांग्रेस के पास दो सीटें हैं। इस बात की पूरी संभावना है कि ममता बनर्जी कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर राष्ट्रीय समझौते पर बातचीत करेंगी। इसके तहत, तृणमूल कांग्रेस को कुल 42सीटों में से चार या पांच सीटों की पेशकश करेगी, जबकि केंद्रीय स्तर पर कांग्रेस को असम में टीएमसी को एक सीट, मेघालय में एक सीट और मणिपुर में एक सीट पर सहमत होना होगा।

त्रिपुरा में, लोकसभा चुनाव में सीपीआई (एम) के पास अभी भी कुछ संभावनाएं हैं और कांग्रेस और टिपरामोथा के साथ स्थिर मोर्चा बन सकता है। हाल के विधानसभा उपचुनाव में, सीपीआई (एम) दोनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों से हार गई। राज्य पार्टी ने भाजपा द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायत की और मतगणना का बहिष्कार किया। पार्टी के पास सुनहरा मौका था क्योंकि आदिवासियों की पार्टी टिपरामोथा ने सीपीआई (एम) उम्मीदवारों का समर्थन किया था। प्रचार के आखिरी दिनों में कांग्रेस और टीएम के साथ सीपीआई (एम) के बीच बहुत कम समन्वय था। कांग्रेस और टीएम दोनों के नेता राज्य सीपीआई (एम) की संगठनात्मक विफलता से चिंतित हैं। इसे ठीक करना होगा। त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटें हैं। यदि कांग्रेस और टीएम के साथ सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे का मजबूत गठबंधन होता है, तो भारत की लोकसभा सीटें जीतने की संभावना उज्ज्वल है।

## जोशीमठ के जख्म

जोशीमठ में भू-धंसाव की खबर ने सबका ध्यान खींचा था। इससे उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों के अलावा, दूसरे हिमालयी राज्यों में भी भय और चिंता पैदा हो गई थी कि कहीं उनका भी ऐसा ही हश्र न हो जाए। अधिकांश हिमालयी इलाके जोशीमठ क्षेत्र की तरह एक ऐसे 'विकास' के शिकार हैं, जिसने पहाड़ को खुर्द-बुर्द, खोखला और तबाह कर रखा है। यही वजह है कि इन इलाकों में आपदाओं की आशंका हमेशा बनी रहती है।

जोशीमठ का धंसना अभी रुका नहीं है। घरों और खेतों में नई दरारें आ रही हैं और पुरानी दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। यहां के लोगों को डर है कि भारी बारिश में जमीन के बड़े-बड़े हिस्से नीचे खिसक सकते हैं। पुनर्वास की मांग को लेकर उनका धरना जनवरी से अप्रैल की शुरूआत तक जारी रहा। तब उन्हें त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए धरना बंद करने के लिए कहा गया।

इसकी एक बड़ी वजह सरकार की तरफ से बद्रीनाथ यात्रा को बिना किसी झंझट के शुरू करना था। स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन फिर से शुरू करने की तैयारी में हैं क्योंकि उचित पुनर्वास योजना के अभाव में उनके पास अपने क्षतिग्रस्त घरों में रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह स्थिति ऐसे प्रश्न उठाती है जो अधिकांश हिमालयी क्षेत्रों के लिए प्रासंगिक हैं।

पहला सवाल ये है कि ऐसी आपदाओं के लिए कोई जवाबदेही तय क्यूं नहीं होती? हिमालयी क्षेत्र के पारिस्थितिक, भू-वैज्ञानिक रूप से संवेदनशील और भूकंप की दृष्टि से अत्यधिक सक्रिय होने के बावजूद हिमालयी राज्यों में जलविद्युत परियोजनाओं को बड़ी संख्या में बनाया जा रहा है। अध्ययनों से पता चला है कि इन परियोजनाओं के हरित ऊर्जा के दावे सही नहीं हैं। ये 'जोखिम भरे ढांचे' हैं जो सामाजिक और पारिस्थितिक रूप से अन्यायपूर्ण साबित हुए हैं।

विभिन्न शोध यह भी बताते हैं कि उत्तराखंड में 2013 और 2021 की बाढ़ जैसी आपदाओं को पैदा करने और बढ़ाने में इन परियोजनाओं की भूमिका है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित 'रवि चोपड़ा विशेषज्ञ समिति' ने भी ये पाया था। समिति ने तर्क दिया था कि ग्लेशियरों के घटने से बनी जोशीमठ जैसी कच्ची जमीनों पर ऐसी परियोजनाओं का निर्माण आपदा को निमंत्रण देने जैसा है।

जोशीमठ में 'तपोवन-विष्णुगाड परियोजना' 2005 में अपने शुरू होने के बाद से ही पूरे क्षेत्र में सामाजिक-पारिस्थितिक समस्याओं का कारण बनी है। 2021 की बाढ़ में सैकड़ों श्रमिक इसकी सुरंग में जिंदा दफन हो गए थे। यहां आपदा से आगाह करने के लिए कोई अलार्म सिस्टम तक नहीं लगाया गया था।

# ब्रह्मांड के पहले इंजीनियर थे भगवान विश्वकर्मा

**17 सितम्बर जयंती पर विशेष**


विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होंने ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं।

हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता।

विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि हिंदू भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है।

यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं।

विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है।



पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं।

धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्म-ाजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है।

पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था।

विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निमार्ता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है।

महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था।

विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निमार्ता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी।

माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तथा उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव ने उसे महल देकर वापस पर्वतों पर चले गए। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए उड़ने वाले रथों का निर्माण किया था। विश्वकर्मा ने देवताओं के राजा इंद्र का हथियार वज्र का निर्माण किया था।

# मुख्यमंत्री का चित्रकूट से है विशेष लगावः जितिन प्रसाद

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने 73.67 करोड़ की 54 परियोजनाओं का किया लोकार्पण- मानिकपुर के करौंहा में हुई सभा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने मानिकपुर के पाठा क्षेत्र के करौंहा गांव में 73.67 करोड़ लागत की 54 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें लोक निर्माण विभाग और राज्य सेतु निगम के कार्य शामिल हैं।

शनिवार को मंत्री जितिन प्रसाद ने सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। सरकार ने प्रदेश में सडकों की कनेक्टिविटी बढाई है। एयरपोर्टों का संचालन भी बढा है। इससे यातायात में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री का चित्रकूट से विशेष लगाव है। वे चित्रकूट में ज्यादा फोकस करते है। चित्रकूट पर्यटन क्षेत्र में विशेष संभावनाये हैं। मुख्यमंत्री इस दिशा में कार्य कर रहे हैं।

जिला प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के आगमन को लेकर चैकस तैयारियां की थीं। उच्च प्राथमिक विद्यालय करौंहा में वह शनिवार को दोपहर तीन बजे पहुंचे। यहां लोक निर्माण विभाग और राज्य सेतु निगम के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र की 54 परियोजनाओं की लागत 73 करोड 67 लाख 27 हजार रुपये है।

कार्यक्रम को लेकर उच्च प्राथमिक विद्यालय करौंहा में पंडाल में जिला प्रशासन के अधिकारी डेरा जमाये थे। अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड सत्येन्द्रनाथ ने बताया कि सखौहा, चकोर मुस्तकिल मार्ग के सखौहा नाला पर सेतु निर्माण, मानिकपुर-कल्याणगढ-धारकुंडी मार्ग में बरदहा नदी सेतु का शिलान्यास, चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के 38 मार्गों का लोकार्पण और चार का शिलान्यास शामिल है।



मंत्री जितिन प्रसाद लखनऊ से कार से जिले के राजापुर पहुंचे थे, वहां तुलसीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मानिकपुर को रवाना हुए। चित्रकूट सीमा में घुसते ही भाजपाइयों ने जमकर स्वागत किया। गदा देकर अभिवादन किया। मानिकपुर क्षेत्र में विद्यालय में छोटी सभा के बाद उन्होंने लोकार्पण व शिलान्यास किया है। इस मौके पर सांसद आरके सिंह पटेल, मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी व ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## ब्लाक प्रमुख मानिकपुर ने क्षेत्र विकास को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा ने लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद को सौंपे ज्ञापन में कहा कि उनके क्षेत्र के मार्ग एवं पुल की मंजूरी दिलाई जाये, ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। उन्होंने देवांगना एयरपोर्ट से मारकुण्डी तक मार्ग चैडीकरण एवं सुदृढीकरण, मानिकपुर में बाईपास गुरौला रोड तक झरी फाटक से मानिकपुर से मऊ गुरदरी तक सडक चैडीकरण, चमरोहा में बरदहा नदी में पुल निर्माण, सरैया से बोडीपोखरी तक चैडीकरण, इलाहाबाद बांदा मार्ग से भौरी के ओहन नहर पटरी से मसनी पुरवा होते हुए पहाडी-भौरी राज्यमार्ग तक, इलाहाबाद-बांदा मार्ग से भौरी से सोमनाथ सरकार मन्दिर चर तक सम्पर्क मार्ग, सम्पर्क मार्ग मानिकपुर करौहा बराहमाफी गांव के चूल्ही गांव तक सम्पर्क मार्ग बनवाया जाये। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया इन कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जाये।

## एएसपी ने समस्यायें सुन दिये निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।



शनिवार को तहसील कर्वी सभागार में एएसपी ने फरियादियों की समस्यायें सुनी। भूमि विवाद के मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम सदर राजबहादुर, एएसडीएम विवेक सिंह, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, बीडीओ कर्वी आस्था पाण्डेय, कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी, थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने निस्तारण आख्या का किया परीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार राजापुर में हुआ। उन्होंने पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण रजिस्टर को देखकर निस्तारण आख्या का परीक्षण किया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने एसडीएम राजापुर को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है, उनका सत्यापन भी करते रहे। समस्या निस्तारण से ग्रस्त व्यक्ति को भी निस्तारण से अवगत करायें, ताकि समस्या ग्रस्त व्यक्ति समस्या निस्तारण से संतुष्ट हो सके।



उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन के निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें। जिन विभागों की संपूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें आई हैं, उनका मौके पर निस्तारण करायें।

उन्होंने एसडीएम राजापुर व सीओ राजापुर से कहा कि भूमि संबंधी मामले में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम को लेकर मौके पर समस्या निस्तारण करायें। इसके बाद उन्होंने तहसील राजापुर के तुलसी द्वार का लोकार्पण किया। तहसील राजापुर परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, एएसडीएम न्यायिक मो जसीम अहमद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहरलाल धर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मराठा महल ढहा, महिला दबी–भैंस की गई जान

## कर्वी कोतवाल ने किया मुआयना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में हो रही बारिश मुसीबत का सबब बनती जा रही है। सदर ब्लाक के बिहारा गांव में तीन सौ साल पुराने मराठा महल का एक हिस्सा देर रात अचानक ढह गया। इससे मलबे में एक महिला की दबने से घायल हो गई। दूसरे घर में बंधी एक भैंस की मृत्यु हो गई।

ये हादसा शुक्रवार की रात हुई बारिश से बिहारा गांव में हुआ। बताया गया कि बिहारा गांव में तीन सौ साल पुराना मराठा महल है। देर रात महल का एक हिस्सा ढह गया। इससे निशा पत्नी रमेश त्रिपाठी आंगन में काम करते समय मलबे में दब गई। बगल के घर में दिनेश त्रिपाठी की भैंस की दबने से मृत्यु हो गई। दिनेश त्रिपाठी का घर भी टूट गया है। घायल महिला को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसका इलाज जारी है।

पुराना जर्जर महल गिरने से अगल-बगल बने घर के लोगों में दहशत है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि जर्जर महल को



ध्वस्त कराया जाये, ताकि कोई जनहानि न हो सके। गांव के मुन्ना त्रिपाठी ने कहा कि इसी तरह बारिश होती रही तो ये महल और भी ढह सकता है। इससे अगल-बगल बने घरों को क्षति पहुंच सकती है। खंडहर ढहने की सूचना पर कर्वी कोतवाली गुलाब त्रिपाठी ने मौका-मुआयना किया। लोगों को वहां न रहने की हिदायत दी। इस बाबत कर्वी कोतवाल ने बताया कि मकान गिरने से एक भैंस की मृत्यु हो गई है और महिला दबकर घायल हो गई है।

## प्रवासी मजदूर की अहमदाबाद में हत्या

**उदवंतनगर। थाना क्षेत्र** के बेलाउर चकरदह गांव निवासी प्रवासी मजदूर की अहमदाबाद में में निर्शंश हत्या कर दी गई। युवक की मौत का खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो रो कर बुरा? हाल हो गया। युवक का शव देर रात तक उसके पैतृक गांव बेलाउर चकरदह पहुंचने की उम्मीद है। कमरे में सोते समय बड़े पत्थर मारकर युवक की हत्या करने की बात कही जा रही है।

रूममेट पर हत्या में संलिप्तता की बात कही जा रही है। मृतक युवक बेलाउर चकरदह गांव निवासी शिवजी यादव का पुत्र संतोष यादव (23) बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष यादव अहमदाबाद स्थित एक खटाल में काम करता था। वहीं उसके बहन व जीजा रहते हैं। संतोष की कुछ दिन पूर्व किसी से तू मैं मैं होने की बात कही जा रही है।13 सितम्बर की रात में जब व कमरे में सोया था।उस समय उसका रूम पार्टनर वहीं सोया था। संतोष जब गहरी नींद में सो रहा था किसी ने बड़ी पत्थर से उसके चेहरे पर वार किया जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रूममेट फरार चल रहा है।मृतक की लाश उसके पैतृक गांव ले आई जा रही है जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## पहाड़ी पुलिस ने एक और हत्यारोपी दबोचा , अब तक 12 लोग हत्या में गये जेल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय कर देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की टीम ने एकराय होकर घेरकर हत्या करने वाले नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है।



ज्ञात है कि नौ सितम्बर को पहाडी थाने के चैरा गांव के मजरा सड का पुरवा की तुलसा पुत्री विजय बहादुर ने थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि विपक्षियों ने एकराय होकर लाठी-डंडा व बरछी से उसके पिता विजय बहादुर व चाचा भुजवल पुत्र निर्पत यादव को घेरकर हत्या की गरज से गाली-गलौज कर लाठी-डंडों व बरछी से मारपीट कर पिता विजय बहादुर की हत्या कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये थे। पुलिस ने मामला उचित धाराओं में हरीशचन्द्र आदि के खिलाफ दर्ज किया।

प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बृजराज पुत्र स्व रामकिशोर निवासी चैरा को गिरफ्तार किया। इस मामले से सम्बन्धित 11 लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। टीम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर, दीवान श्यामकरन कुशवाहा, सिपाही नीलेश कुमार, विपिन कुमार शामिल रहे।

## रोजगार मेले में 207 लोगों का हुआ चयन

### चयनित न होने वाले न हों निराशः सांसद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देश पर जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में रोजगार मेला लगाया। मेले में क्यूसेश क्राप प्रालि, शिवशक्ति एग्रोटेक लि कम्पनियों ने हिस्सा लिया। मेले में छह सौ अभ्यर्थी मौजूद रहे, तकनीकी और गैरतकनीकी में 207 लोगों का चयन हुआ।

शनिवार को रोजगार मेले में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि जिले में आगामी समय में उनके माध्यम से ऐसे रोजगार मेले लगते रहेंगे। जिल लोगों का चयन नहीं हुआ, वह अगले माह रोजगार मेले में साक्षात्कार देकर चयनित हो सकते हैं। यहां कम्पनियां आई हैं, जो युवक चयनित हुए हैं, वे सभी जल्द ज्वाइन कर तरक्की में योगदान दें।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि अतिथियों ने चयनित लोगों को रोजगार ऑफर लेटर बांटे। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी पीसी शर्मा ने संचालन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, एमआईएस मैनेजर अरुणेन्द्र शुक्ला, एमजीएन फैलो विभोर शुक्ला मौजूद रहे।

## संयुक्त टीम ने की न्यायालय परिसर की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने सुरक्षा सतर्कता के मद्देनजर न्यायालय परिसर में संदिग्ध वस्तुओं/लोगों की जांच की। जांच में टीम को कोई संदिग्ध वस्तु व लोग नहीं मिले। ये जांच एहतियातन की गई है।

## सीतापुर पुलिस ने डेढ किलो गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की टीम ने कमलेश दर्जी पुत्र राजाभइया निवासी चन्दूपुरवा बुजुर्ग थाना सुमेरपुर जिला हमीरपुर को डेढ किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, सिपाही सोमदेव व अनुज यादव शामिल रहे।

## मारकुण्डी पुलिस ने दो महिलाओं के कब्जे से 45 क्वार्टर शराब की बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा द्रगपाल सिंह की टीम ने पैशुन देवी पत्नी रामभवन कोल निवासी जारोमाफी के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब व चिन्ता कोल पत्नी कमलेश निवासी डाडी कोलानी छेरिहाखुर्द के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा द्दगपाल सिंह, सिपाही शिवलाल व महिला सिपाही मोहिनी शामिल रही।



## गनीवा पुलिस ने चोरी की सरसों समेत चोर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर की टीम ने एक चोर को 111 किलो सरसों के साथ गिरफ्तार किया है।




ज्ञात है कि 14 सितम्बर को शशांक सिंह पुत्र सुनील सिंह निवासी हरदौली ने राजापुर थाने में रिपोर्ट लिखाई कि घर से चोर 111 किलो सरसों चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्जकर प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा ने घटना के खुलासे को चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर को निर्देश दिये। चैकी प्रभारी गनीवा की टीम ने 15 सितम्बर को आदित्य प्रकाश सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी हरदौली को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी के 111 किलो सरसो बरामद किया। चोरी की सरसों बरामदगी पर धारा बढाई गई। टीम में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर, सिपाही अशोक पाल व प्रमोद कुमार शामिल रहे।

## वृक्ष मित्र के बतौर कवि रामलाल ने कराया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पिछले आठ सालों की भांति इस वर्ष भी रामलाल द्विवेदी प्राणेश कवि ने स्वात सुखाय को और माहौल में गर्मी की वृद्धि न हो, ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले पौधे पीपल, बरगद, पाकर, नीम, अशोक, सागौन, जामुन, आम, सहिजन, आंवला आदि छायादार पौधे दस से 16 सितम्बर तक लगवाये हैं।

शनिवार को उन्होंने बताया कि ये वृक्ष सुरक्षित रहें, ज्यादा से ज्यादा ट्रीगार्ड भी लगवाते हैं। वर्ष पर्यंत सुरक्षा को खुद व एक रक्षक भी नियुक्त करते हैं। ये वृक्ष ज्यादातर देवांगना रोड, कलेक्ट्रेट रोड, एसपी आवास रोड, तरौहा रोड, परिक्रमा में बहरा हनुमान जी, बिरजा कुंड, नांदी हनुमान जी, इलाहाबाद रोड, ब्यूर गांव व चित्रकूट इंटर कॉलेज परिसर में लगाये हैं। कवि प्राणेश इन्हें तैयार करने में पुत्र की भांति सुख महसूस करते हैं। जो समाज को छाया व फल देते हैं। वर्षों तक लोगों को सुख की अनुभूति कराते हैं।

साहित्यकार बंधुओं में डॉ मनोज द्विवेदी, उदयभान त्रिपाठी, विक्रम नामदेव, हरिमोहन आदि के प्रोत्साहन से संभव हो रहा है। पुलिस कार्यालय के पास पौधरोपण कार्य की एसपी ने भी सराहना की है। वहां चाय वाले यूनुस खान और एटीएम वाले श्रीवास्तव ने पौधों की देखरेख में मदद करते हैं। नांदी में राजू रलिहा, नरेंद्र मिश्रा डाकिया, गिरधर तिवारी व मनोज यादव पौधों की देखरेख करते हैं।

## चार्टर एकाउंटेंट बनने को छात्र-छात्राओं को मनीषा गर्ग ने किया प्रेरित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में कैरियर काउंसिलिंग प्रोग्राम प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान की अध्यक्षता में हुआ। संस्थान की प्रतिनिधि बतौर चार्टर्ड अकाउंटेंट मनीषा गर्ग ने छात्र-छात्राओं को चार्टर्ड अकाउंटेंट के क्षेत्र में कैरियर बनाने की सलाह दी।

शनिवार को उन्होंने दो घंटे लगातार छात्र-छात्राओं को चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने को प्रेरित किया। बच्चों के लिए लाभकारी और जीवन में अच्छा मुकाम हासिल करने वाला सिद्ध होगा। प्रभावी ढंग से बच्चों को चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर देश के आर्थिक विकास में योगदान देने को मार्गदर्शन किया। मनीषा गर्ग चार्टर्ड एकाउंटेंट ने कहा कि इच्छा शक्ति हो तो बाधायें किसी का मार्ग नहीं रोक सकती। ठान लें कि चार्टर एकाउंटेंट बनना है तो आर्थिक कमी आड़े नहीं आयेगी।

उन्होंने कहा कि किसी छात्र के समक्ष पढ़ाई के समय आर्थिक संकट आएगा तो वह छात्र को मदद दिलाने का काम करेंगी। चित्रकूट जैसे पिछड़े क्षेत्र से युवक-युवतियां चार्टर्ड अकाउंटेंट बनें, ये हार्दिक इच्छा है। छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग से आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने कहा कि ये प्रोग्राम यहां के छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। छात्र-छात्रायें चार्टर्ड अकाउंटेंट में अपना कैरियर बनाने को आगे बढ़ेंगे। चार्टर्ड अकाउंटेंट मनीषा गर्ग के प्रति आभार जताया।

इस मौके पर प्रवक्ता श्रीनिवास त्रिपाठी, शंकर प्रसाद यादव, शक्ति प्रताप सिंह तोमर व कक्षा 11-12 एवं वाणिज्य एवं व्यावसायिक वर्ग के छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं। करियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन स्मार्ट फिल्म प्रोडक्शन के जीतू सिंह व वीरेंद्र का योगदान रहा।

## नोबेल फाउंडेशन ने की पुरस्कार राशि बढ़ाने की घोषणा

**नई दिल्ली।** नोबेल फाउंडेशन ने कहा कि वर्ष 2023 के नोबेल विजेताओं को अतिरिक्त 10 लाख क्रोनर मिलेंगे। इससे कुल वित्तीय राशि 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (9.86 लाख डॉलर) हो जाएगी। पुरस्कार देने वालों ने कहा कि वह फाउंडेशन की मजबूत वित्तीय स्थिति को प्रतिबिंबित करने के लिए इस वर्ष राशि बढ़ा रहे हैं। 2012 में पुरस्कार राशि एक करोड़ क्रोनर से घटाकर 80 लाख कर दी गई थी। 2017 में यह 90 लाख व 2020 में 1 करोड़ कर दी गई।




## नाइजर के सैनिकों ने फ्रांस के राजदूत सिल्वेन इट्टे को बनाया बंधक, राष्ट्रपति मैक्रों ने दी जानकारी

**पेरिस।** फ्रांस के राजदूत और राजनयिकों को नाइजर सैनिकों ने फ्रांसीसी दूतावास में बंधक बना लिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों न खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्रांसीसी दूतावास में फ्रांसीसी राजदूत सिल्वेन इट्टे सहित अन्य फ्रांसीसी राजनयिकों को बंधक बना लिया गया है। राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि नाइजर में हमारे राजदूत और राजनयिक सदस्य हैं। उन्हें फ्रांसीसी दूतावास में बंधक बना लिया गया है। राजदूत तक भोजन पहुंचाने से भी रोका जा रहा है। हमारे राजदूत सैन्य शासन से मिलने वाले राशन खा रहे हैं। फ्रांसीसी राजदूत सहित अन्य राजनयिकों को वापस लाने के सवाल पर मैक्रों ने कहा कि हम जल्द ही राजदूत को स्वेदश लाएंगे। इस पर काम जारी है। वे नाइजर में वैध प्राधिकारी है। मैं हर दिन उनसे बात करता हूं



**नाइजर-फ्रांस के बीच इसलिए यह विवाद**

दरअसल, हाल ही में नाइजर में हुए तख्तापलट के बाद से नाइजर सरकार और फ्रांस के बीच खीचतान जारी है। क्योंकि, फ्रांस अपदस्थ और पूर्व राष्ट्रपति बजौम का समर्थन कर रहा है। बता दें, नाइजर सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति बजौम को बंधक बना लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नाइजर सैनिकों ने तख्तापलट के बाद इट्टे को जल्द देश छोड़ने का आदेश सुनाया था। हालांकि, बाद में नाइजर ने इट्टे का वीजा रद्द कर दिया था।

## अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे यूक्रेनी राष्ट्रपति, जैक सुलिवन ने दिए नए सैन्य पैकेज के एलान के संकेत

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अगले सप्ताह व्हाइट हाउस का दौरा करने अमेरिका की यात्रा करेंगे। इस दौरान जेलेंस्की अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। बैठक को लेकर व्हाइट हाउस के एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि दोनों राष्ट्र अध्यक्षों के बीच यह तीसरी बैठक होगी। बता दें, हाल ही में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और तानाशाह किम जोंग-उन की मुलाकात से अमेरिका बौखलाया हुआ है।

**नए सैन्य पैकेज का एलान कर सकता है अमेरिका**

अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि यूक्रेन रूस के साथ युद्ध झेल रहा है। अमेरिका अन्य देशों की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन करता है। इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति जेलेंस्की के दृष्टिकोण को सुनने और विश्व में यूक्रेन के समर्थन का संदेश देने के लिए उत्सुक हैं। सुलिवन ने कहा कि हम यूक्रेन के लिए नया सैन्य पैकेज तैयार कर रहे हैं। आप अनुमान लगा सकते हैं कि अमेरिका अतिरिक्त संसाधनों, क्षमताओं और अतिरिक्त हथियारों के राहत पैकेज की घोषमा कर सकता है।

**पहले भी जारी कर चुका है राहत पैकेज**

हाल ही में, अमेरिका ने यूक्रेन के लिए सैन्य मदद के बड़े पैकेज का एलान किया था। इस पैकेज के तहत यूक्रेन को एंटी टैंक हथियार और गोला-बारूद दिए गए हैं। यह मदद साढ़े सत्रह करोड़ यूएस डॉलर की थी। अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए जा रहे इस नए पैकेज में एयर डिफेंस इक्विपमेंट्स, आर्टिलरी म्युनिशन, एंटी टैंक हथियार व अन्य कई हथियार शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी कांग्रेस ने अब तक 113 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की सहायता को मंजूरी दी है। लेकिन उनकी ओर से आखिरी फंडिग दिसंबर में हुई थी, उसके बाद रिपब्लिकन ने प्रतिनिधि सभा पर नियंत्रण हासिल कर लिया है।

## काठमांडू में परिवार के चार लोगों की हत्या, आरोपित ने थाने में आत्मसमर्पण किया

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में रात विमानस्थल के पास तीनकुने चौक पर एक लकड़ी मिल (दिव्य सॉ मिल) में परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी गई। इसके बाद इस सामूहिक हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते हुए एक व्यक्ति ने थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया।

काठमांडू के एसएसपी दिनेश राज मैनाली ने मौके का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से कहा कि चारों की हत्या धारदार हथियार से की गई। मृतकों में मिल का सिक्योरिटी गार्ड कुमार भुजेल, उसकी पत्नी अम्बिका भुजेल, कुमार की मां 76 वर्षीय सुभद्रा भुजेल और उसके रिश्तेदार नवीन राई शामिल है। मिल संचालक बालकृष्ण शिवाकोटी का कहना है कि कुमार भुजेल, पत्नी और अपने रिश्तेदार नवीन के साथ पिछ्ले कई वर्षों से मिल पर ही रहते थे। उनकी मां एक दिन पहले ही अपने पति के वार्षिक श्राद्ध कर्म के लिए आई थी। पुलिस का कहना है कि 28 वर्षीय दीपेन्द्र राई ने बानेश्वर थाने में देररात आत्मसमर्पण कर दिया। राई का कहना है कि उसने ही चारों की जान ली।



## नेपाली सुप्रीम कोर्ट ने भारत के साथ खुली सीमा को व्यवस्थित व नियंत्रित करने का दिया आदेश

**काठमांडू।** नेपाली सुप्रीम कोर्ट ने भारत के साथ खुली सीमा को नियंत्रित करके व्यवस्थित करने, निगरानी बढ़ाने और सीमा पर अतिक्रमण खत्म करने का आदेश सरकार को दिया है। कोर्ट ने जरूरत पड़ने पर नए ढंग से सीमा संबंधी समझौता या संधि करने का आदेश भी दिया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के कुछ वकीलों की ओर से सात वर्ष पहले दायर की गई एक याचिका पर फैसला करते हुए कोर्ट ने नेपाल-भारत के बीच खुली सीमा के कारण मानव तस्करी, सीमावर्ती क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं और ड्रग्स, सोना और नकली नोटों की तस्करी बढ़ने पर चिंता जताई थी। दो वर्ष पहले दिए गए फैसले को अब पूरी तरह से सार्वजनिक किया गया है। कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि सरकार खुली सीमा को नियमन करने के लिए ठोस कदम उठाए। साथ ही सीमा में आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए पहचान पत्र जैसी व्यवस्था भी करे। इतना ही नहीं, कोर्ट ने यह भी कहा है कि खुली सीमा पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं और जरूरत पड़ने पर ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश में नेपाल और भारत के बीच रहे सीमा विवाद को राजनीतिक और कूटनीतिक तरीके से हल करने के लिए निरंतर संवाद की बात कही गई है। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि भारत की तरफ किये गए सीमा अतिक्रमण को लेकर भी भारत सरकार से बातचीत कर उसे यथाशीघ्र ठीक किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा है कि अगर सरकार को जरूरत महसूस होती है, तो वो सीमा से संबंधित कोई नया समझौता भी कर सकती है।




## मशहूर कोलंबियाई चित्रकार फर्नांडो बोटेरो का 91 वर्ष की आयु में निधन

**मोनाको सिटी।** मशहूर कोलंबियाई चित्रकार और मूर्तिकार फर्नांडो बोटेरो का 91 वर्ष की आयु में मोनाको के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह अपनी विशिष्ट मूर्तिकला और पुष्ट आकृतियों वाले चित्रों के लिए जाने जाते हैं। उनकी मृत्यु से कला जगत में शून्य पैदा हो गया है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी मृत्यु की पुष्टि बोटेरो के करीबी दोस्त ह्यूस्टन में एक आर्ट गैलरी के सह-मालिक मौरिसियो वैलेजो ने की है। उन्होंने कहा कि इसका कारण निमोनिया की जटिलताएं रहीं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सबसे पहले सोशल मीडिया पर उनके निधन की सूचना साझा की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बोटेरो ने मध्यमवर्गीय जीवन और बोर्डेलोस, मौलवियों और किसानों, फलों की उभरी हुई टोकरियां और हिंसा के प्रभावों को चित्रित किया। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति लियोनार्डो दा विंची की मोनालिसा को माना जाता है। 1932 में जन्मे बोटेरो की कलायात्रा 20 वर्ष की उम्र में शुरू हुई। उन्होंने 1960 में संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित होने से पहले खुद को शास्त्रीय कला में डुबो दिया। उनकी कई कलाकृतियों पर विवाद भी हुआ।

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उनके सबसे प्रभावशाली बड़े चित्रों की एक श्रृंखला थी। इसमें अमेरिकी सेना इराक की एक जेल में कैदियों को यातना देती दर्शायी गई है। इस श्रृंखला को वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के पास प्रदर्शित किया गया था। अपने शानदार करियर के दौरान बोटेरो ने पेरिस, न्यूयॉर्क, मैक्सिको, कोलंबिया और इटली सहित विभिन्न वैश्विक शहरों में स्टूडियो बनाए। उनके गृहनगर मेडेलिन ने उनके सम्मान में एक सप्ताह के शोक की घोषणा की है।



## कनाडा में सिख किशोर पर हुए हमले च्की भारतीय वाणिज्य दूतावास ने की निंदा, जल्द कार्रवाई करने की मांग

**टोरंटो।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक 17 वर्षीय सिख किशोर पर घृणा अपराध के तहत हमला किया गया था। पीड़ित सिख किशोर हाई स्कूल का छात्र है। सार्वजनिक बस में झगड़े के बाद किशोर को बस स्टॉप पर निशाना बनाया गया। इस दौरान पीड़ित छात्र को जमकर पीटा गया और उस पर काली मिर्च का स्प्रे किया गया। इस घटना को लेकर भारतीयों में गुस्सा है। वहीं, वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने घटना की कड़ी निंदा की। साथ ही अपराधियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। जांच की मांग


भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया के जरिए अपना गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हम केलोना में एक भारतीय किशोर पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इसके साथ ही दूतावास ने कनाडा के अधिकारियों से घटना की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

घटना केलोना में रटलैंड रोड की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, छात्र रटलैंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने बस का इंतजार कर रहा था, तभी दो व्यक्ति आ गए। जब छात्र बस में चढ़ रहा था तो पहले उसे रोकने की कोशिश की गई। इसके बाद उसे धमकाना शुरू कर दिया। साथ ही लाइटर लहरात हुए धमकी दी। इतना ही नहीं, बदमाशों ने मोबाइल फोन से उसकी रिकॉर्डिंग भी की। जब छात्र पीछे हटा तो हमलावरों का फोन उनके हाथ से गिर गया।

## पाकिस्तान में महंगाई की बड़ी मार, पेट्रोल 331.38 रुपये और डीजल 329.18 रुपये प्रति लीटर हुआ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कमरतोड़ महंगाई के बीच कार्यवाहक सरकार ने अपनी पाक्षिक समीक्षा में पेट्रोल की कीमत में 26 रुपये और डीजल की कीमत में 17 रुपये प्रति लीटर से ज्यादा का इजाफा कर दिया। नई दरें शनिवार से प्रभावी हो गई हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में वित्त मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। इस फैसले के अनुसार पेट्रोल की कीमत 26.02 रुपये प्रति लीटर और हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत 17.34 रुपये प्रति लीटर बढ़ जाएगी। अब एक लीटर पेट्रोल 331.38 रुपये और एचएसडी 329.18 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान में एक महीने के भीतर यह दूसरी बार है जब पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ाकर उन्हें ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा दिया गया है। इससे पहले एक सितंबर को कार्यवाहक सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 14 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी की थी।




**स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में वित्त मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया।**

## दहशत में यात्री, हवा में गोता लगाते 28 हजार फुट नीचे आया अमेरिकी विमान

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक विमान पर सवार 270 यात्री व चालक दल के 40 सदस्य उस समय दहशत में आ गए, जब विमान हवा में 28 हजार फुट गोता लगा कर नीचे आ गया। अचानक हुए इस हादसे के बाद विमान अपने रास्ते से पलटा और वापस वहीं पहुंच गया, जहां से यात्री उस विमान पर सवार हुए थे।

अमेरिका की प्रमुख विमानन सेवा यूनाइटेड एयरलाइंस के बोइंग 777 विमान ने रात 8.37 बजे नेवार्क के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से टोम जाने के लिए उड़ान भरी। विमान पर चालक दल के 40 सदस्यों के साथ 270 यात्री मौजूद थे। उड़ान भरने के बाद विमान जब आकाश में पहुंचा तो अचानक विमान नीचे की ओर आने लगा। हालात ये हो गए कि महज दस मिनट के भीतर विमान गोता लगाकर 28 हजार फुट नीचे आ गया। अचानक हुए इस हादसे से यात्री दहशत में आ गए। अचानक नीचे आया विमान अपने रास्ते से पलटा और यात्रियों को वापस नेवार्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ले गया। महज तीन घंटे 50 मिनट बाद यानी रात 12.27 बजे जब विमान वापस नेवार्क हवाई अड्डे पहुंचा, तो यात्रियों ने पाया कि वे तो जहां से चले थे, वहीं पहुंच गए हैं। बाद में एयरलाइन ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि केबिन प्रेशर में कमी आने की वजह से विमान को नेवार्क वापस लौटना पड़ा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि विमान सुरक्षित रूप से पहुंच गया और केबिन प्रेशर में कभी कोई कमी नहीं आई। फेडरेशन एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने भी दबाव के मुद्दे को स्वीकार कर कहा कि केबिन में प्रेशर की कमी आने के कारण पायलट को विमान का रास्ता बदलना पड़ा।




## अमेरिका का दावा : चीन के लापता रक्षा मंत्री को हटाकर शी जिनपिंग करा रहे उनके भ्रष्टाचार की जांच

**बीजिंग/वाशिंगटन।** गांग के मामले में भी उनके गायब होने पर स्वास्थ्य कारणों का हवाला ही दिया गया था। बाद में जुलाई महीने में उन्हें पद से हटा दिया गया था। इस बीच अमेरिका का यह दावा सामने आया है कि दो सप्ताह से नहीं दिखाई दे रहे ली शांगफू को चीन के रक्षा मंत्री पद से हटा दिया गया है और भ्रष्टाचार के मामले में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग उनकी जांच करवा रहे हैं। ली के खिलाफ इस जांच से राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के प्रभावी होने पर सवाल उठ रहे हैं। इसे चीन की सेना और विदेश नीति बनाने वाले प्रतिष्ठान के अंदर चल रहे संकट का एक और संकेत माना जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका इस निष्कर्ष पर भी पहुंचा है कि ली शांगफू के खिलाफ यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश की सेना पीएलए रॉकेट फोर्स के दो शीर्ष जनरलों को हटा दिया है। ये दोनों ही जनरल चीन के तेजी से बढ़ रहे मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रम की निगरानी करते थे।



**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## सोने की तस्करी मामले में सीआईबी की चार्जशीट, 302 किलो सोने की तस्करी का खुलासा

**काठमांडू।** हांगकांग से नेपाल में हुई एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में जांच एजेंसी केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने काठमांडू की जिला अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में फर्जी चीनी कंपनी बनाकर 302 किलो सोने की तस्करी किए जाने का खुलासा किया गया है।

जिला अदालत काठमांडू में दायर चार्जशीट में सीआईबी ने कहा है कि चीनी नागरिकों ने हांगकांग में फर्जी कंपनी बनाकर ब्रेक शू आयात करने के बहाने नेपाल में सोने की तस्करी की है, जिसमें से एक क्विंटल सोना बरामद किया गया था। इस समूह ने पिछ्ले तीन महीने में 302 क्विंटल सोने की तस्करी की है। सीआईबी प्रमुख एआईजी किरण बज्राचार्य ने बताया कि 302 किलो सोने की तस्करी के पुख्ता प्रमाण सहित चार्जशीट दाखिल की गई है। अदालत में दायर चार्जशीट में बताया गया है कि कैसे हांगकांग से सोने की खेप विभिन्न तरीके से नेपाल लाई जाती थी और नेपाल में सोना को गलाकर अलग-अलग रूप में उसको भारत के विभिन्न शहरों में भेजा जाता था। इसके लिए चीनी नागरिकों का एक समूह हांगकांग में रहता था, जो वहां सोना इकठ्ठा करके नेपाल भेजता था। इसके लिए हांगकांग में चार बड़े गोदाम भाड़े पर लेकर इस काम को अंजाम दिया जाता था। तस्करी से जुड़ा चीनी नागरिकों का एक समूह नेपाल में रहता था, जो हांगकांग से आई सोने की खेप को विमानस्थल से बाहर निकाल कर अलग-अलग ठिकानों पर छिपा कर रखता था। सीबीआई की चार्जशीट के मुताबिक हांगकांग से आए सोने को गलाने के लिए नेपाल में चार बड़ी मशीन रखी गई थीं। नेपाल में सोने को गलाकर बिस्किट के शेप में बनाकर भारत भेजा जाता था। कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि चीनी नागरिकों का एक समूह भारत में भी सक्रिय था, जो वहां के व्यापारियों के संपर्क में रहकर नेपाल से सोने की खेप आने पर उसको बेचने का सारा प्रबंध करता था। इस चार्जशीट में 15 चीनी नागरिकों, चार भारतीय नागरिकों सहित कुल 50 लोगों को नामजद किया गया है। इनमें 32 आरोपित सीआईबी की हिरासत में हैं, जबकि 18 अभी भी फरार हैं।

